CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 25 ▫ रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## छत्तीसगढ़ का बजट 24 फरवरी को होगा पेश

# नई थीम और नए विजन के साथ आएगा बजट : चौधरी



**रायपुर,** 16 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का 23 जनवरी से बजट सत्र शुरू होने जा रहा है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी 24 जनवरी को सदन के पटल पर अपनी सरकार के तीसरे बजट को पेश करेंगे. आगामी बजट सत्र को लेकर मंत्री ओपी ने बताया कि यह उनकी सरकार का तीसरा बजट होगा, जो नई थीम और नए विजन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि बजट की रणनीति 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप तैयार की गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को ध्यान में रखते हुए विकसित छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा. 2047 के लॉन्ग टर्म प्लान और शॉर्ट टर्म प्लानिंग के तहत बजट में स्पष्ट रोडमैप देखने को मिलेगा।

बजट को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पूर्व में राजीव गांधी योजना के तहत चार किस्तों में राशि दी जाती थी, जबकि भाजपा सरकार हर साल उससे अधिक राशि दे रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पांच वर्षों में जितनी राशि नहीं दे पाई, उससे अधिक उनकी सरकार दे रही है। हर वर्ष 8000 करोड़ रुपए माता-बहनों के खातों में ट्रांसफर किए जा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रहा है. सरकार विकास कार्यों पर केंद्रित है, जो विपक्ष को स्वीकार नहीं हो रहा।

# भिवाड़ी में केमिकल फैक्ट्री में भयंकर आग, 7 मजदूर जिंदा जले





**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (न्यूज चैनल)। राजस्थान के भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार सुबह भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक एक निजी औद्योगिक इकाई में लगी आग में करीब सात श्रमिकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है।

**फैक्टरी में मची चीख-पुकार**

मिली जानकारी के अनुसार खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट जी-1-118 बी में सोमवार सुबह अचानक आग भड़क उठी। सुबह 9 बजकर 22 मिनट पर पुलिस कंट्रोल रूम से रीको फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि आग ने कुछ ही मिनटों में भयानक रूप ले लिया और पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि अंदर काम कर रहे श्रमिकों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार आग में झुलसकर करीब छह श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। राहत और बचाव टीम को अंदर से जो शव मिले, वे बुरी तरह जले हुए थे। कुछ शव इतने अधिक झुलस चुके थे कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। मृतकों की पहचान करने की कोशिश जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन के अधिकारी, दमकल विभाग की कई गाड़ियां, बचाव दल और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंच गईं। पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया और आग पर काबू पाने के साथ अंदर फंसे लोगों को निकालने का अभियान चलाया गया। अधिकारियों के अनुसार दो लोग अंदर फंसे होने की आशंका है। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## जालबांधा के मोहदी गांव के केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**राजनांदगांव,** 16 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले के घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत जालबांधा के मोहंदी गांव में स्थित जया केमिकल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई है। कुछ ही मिनटों में आग ने भयंकर रूप ले लिया है और फैक्ट्री परिसर में अफराङ्कतफरी का माहौल पैदा कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही घुमका थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर मौजुद है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।



जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री परिसर को तुरंत खाली कराया और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। आग की लपटें इतनी तेज़ हैं कि दूर से भी दिखाई दे रही हैं। धुएं का गुबार आसमान तक फैल गया है, जिससे इलाके में भय का माहौल है। ग्रामीणों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। घुमका थाना प्रभारी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता अभी नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी रासायनिक प्रतिक्रिया की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि आग पर नियंत्रण पाने के लिए दमकल कर्मी और पुलिस लगातार प्रयास कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है, लेकिन घटना स्थल पर सुरक्षा के पूर्ण इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन पूरी स्थिति पर निगरानी रख रहा है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने छोड़ी पार्टी

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (न्यूज चैनल)। असम में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता और पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने कांग्रेस में सभी पदों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा दे दिया है।

सूत्रों के अनुसार, बोरा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना त्यागपत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने पार्टी नेतृत्व द्वारा उनकी अनदेखी करने और राज्य इकाई में उन्हें उचित स्थान नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है। वहीं मीडिया से बात करते हुए भूपेन बोरा ने जानकारी देते हुए कहा कि मैंने आज सुबह 8 बजे कांग्रेस आला कमान को अपना इस्तीफा भेज दिया और विस्तार से बताया कि मुझे यह कदम उठाने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत निर्णय नहीं है। मैंने पार्टी को 32 साल दिए। मैं 1994 में पार्टी में शामिल हुआ था। यह सिद्धांत केवल व्यक्तिगत नहीं है; यह पार्टी के भविष्य की चिंता से प्रेरित है। इसीलिए मैंने कांग्रेस हाई कमान को सब कुछ विस्तार से बताया है।

### 2014 से पहले जितना कर्ज, अब उससे 3 गुना ज्यादा : भूपेश बघेल

**रायपुर,** 16 फरवरी (हाईवे चैनल)। भारत की मौजूदा अर्थव्यवस्था को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने हमलावर होते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भारत कितना कर्जा था और मौजूदा समय में यह कितना है, इसकी तुलना कर लें. दावा करते हुए कहा कि देश पर 2014 से पहले जितना कर्ज था, वह अब तीन गुना ज्यादा है. भाजपा को पहले अर्थव्यवस्था कैसी है वह देख लेनी चाहिए. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वह केवल अपने मित्रों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं.



**भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर केंद्र पर हमला**

डिप्टी सीएम साव के कांग्रेस जिला अध्यक्षों की परफॉर्मेंस को लेकर दिए बयान पर पूर्व सीएम बघेल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अरुण साव अपने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जो-जो वादे किए थे सभी की समीक्षा करें. पहले देख लें कि वह कितने वादों पर खरा उतरे और क्या नहीं कर पाए. कांग्रेस को सीख देने की कोशिश न करें. पंजाब कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल आज चंडीगढ़ पहुंचेंगे. उन्होंने अपने दौरे को लेकर जानकारी दी कि चंडीगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक है, जिसमें वह शामिल होंगे. मनरेगा बचाओ महासंग्राम, अमेरिका टैरिफ जैसे मुद्दों पर सरकार के खिलाफ लड़ाई शुरू की जाएगी.

# राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने ज़मीन के बदले नौकरी घोटाले के सीबीआई मामले में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी पर तय किए आरोप



**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (न्यूज चैनल)। सोमवार को राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने ज़मीन के बदले नौकरी घोटाले के सीबीआई मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी अदालत में पेश हुए, आरोपों से इनकार किया और कहा कि वे मुकदमे का सामना करेंगे। यह मामला रेलवे ग्रुप डी की नौकरियां उम्मीदवारों को ज़मीन के बदले दिलाने के कथित अपराध से संबंधित है।

**अब चलेगा मुकदमा**

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने इस मामले में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के खिलाफ आरोप तय किए। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होना होगा, जब तक कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अनुमति न दी जाए। मीसा भारती ने कहा कि उनकी उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए अदालत ने उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने के लिए कहा है। 9 जनवरी को राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने ज़मीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, मीसा भारती और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था।

आरोप तय करते समय, सीबीआई की विशेष अदालत ने टिप्पणी की थी, प्रथम दृष्टया, लालू प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में सरकारी नौकरियों का इस्तेमाल करके अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से इच्छुक नौकरी चाहने वालों से अचल संपत्ति हासिल करने की साजिश रची गई थी। अदालत ने आगे कहा कि लालू प्रसाद यादव और उनका परिवार एक गिरोह की तरह काम कर रहे थे। अदालत ने मुख्य कार्मिक अधिकारियों (सीपीओ) और रेलवे अधिकारियों सहित 52 आरोपियों को बरी कर दिया। कार्यवाही के दौरान पांच आरोपियों की मृत्यु हो गई। सीबीआई ने 103 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था।

# आमने-सामने भिड़ंत में पलटी कार, बुजुर्ग ने तोड़ा दम



**गरियाबंद,** 16 फरवरी (हाईवे चैनल)। नेशनल हाईवे 130 सी पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा ग्राम जोबा से गरियाबंद की ओर आने वाले मार्ग पर, जोबा से पहले हुआ, जहां कार और मोटरसाइकिल के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान हरकू राम चनाप (उम्र लगभग 60 वर्ष), निवासी जोबा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे सुबह लगभग 10 से 11 बजे के बीच अपने गांव से गरियाबंद की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार से उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल हरकू राम को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस कार चालक की स्थिति, वाहन की गति और दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

# दुनिया की एआई कैपिटल ग्लोबल समिट में कई देश शामिल, टेक्नोलॉजी का महामेला



**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (न्यूज चैनल)। सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट की शुरुआत के साथ ही। 16 से 20 फरवरी तक भारत की राजधानी में आयोजित होने वाले इस वैश्विक आयोजन में 300 से अधिक सुनियोजित प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे, जिन्हें तीन विषयगत चक्रों - लोग, ग्रह और प्रगति - के आधार पर संरचित किया गया है। इसमें 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप और 13 देशों के पवेलियन शामिल होंगे जो एआई इकोसिस्टम में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करेंगे। यह एक्सपो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, केंद्र और राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाएगा।

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का आयोजन 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरेना में किया जाएगा। इस आयोजन में वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियां, स्टार्टअप, अकादमिक संस्थान, अनुसंधान संस्थान, मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय साझेदार भाग लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस मेगा इवेंट में 13 देशों के पैवेलियन स्थापित किए जाएंगे, जो एआई क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करेंगे। इन पैवेलियन में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीकी देशों का प्रतिनिधित्व किया जाएगा। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, इस कार्यक्रम में 600 से अधिक स्टार्टअप भाग लेने वाले हैं, जिनमें से कई वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक और व्यापक स्तर के एआई समाधान विकसित करने की प्रक्रिया में हैं, जिन्हें पहले से ही वास्तविक दुनिया में लागू किया जा चुका है। इंडियाएआई मिशन के तहत, इस कार्यक्रम में स्वदेशी स्टार्टअप्स और कंसोर्टिया द्वारा विकसित 12 फाउंडेशन मॉडल का अनावरण भी होगा, जिन्हें भारतीय डेटासेट और बहुभाषी दर्शकों के अनुसार प्रशिक्षित और तैयार किया गया है। इन मॉडलों को भारत की सभी 22 आधिकारिक भाषाओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, जिसमें 25 लाख से अधिक आगंतुक शामिल होंगे, जिनमें अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी होंगे। इस आयोजन में प्रतिदिन कई सत्र होंगे, जो चार दिनों में कुल मिलाकर 500 से अधिक होंगे। विश्वभर के तकनीकी नेताओं का भारत में स्वागत करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने ङ्ग पर लिखा- यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि विश्वभर के लोग इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत आ रहे हैं। यह हमारे देश के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा को भी दर्शाता है। यह अवसर इस बात का प्रमाण है कि हमारा राष्ट्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एक अन्य पोस्ट में, पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन का विषय 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' घोषित किया, जो मानव-केंद्रित प्रगति के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# 1993 मुंबई ब्लास्ट : अबू सलेम की रिहाई की उम्मीदों पर फिरा पानी, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका




**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (न्यूज चैनल)। गैंगस्टर अबू सलेम को बड़ा झटका लगा है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के मुंबई बम धमाकों के मामले में उसकी रिहाई की याचिका खारिज कर दी है। अदालत के इस फैसले का मतलब है कि सलेम कानूनी कार्यवाही जारी रहने तक हिरासत में ही रहेगा। 4 नवंबर, 1993 को मुंबई बम विस्फोट मामले में मुंबई पुलिस द्वारा दायर पहली चार्जशीट में अबू सलेम, या अबू सलेम अब्दुल कयूम अंसारी, को एक फरार आरोपी के रूप में नामित किया गया था।

पुलिस ने दावा किया कि सलेम को हथियार ले जाने और छिपाने का काम सौंपा गया था और वह धमाकों की साज़िश से जुड़ा था। उसी साल 12 मार्च को, दाऊद इब्राहिम और उसके गिरोह द्वारा समन्वित एक आतंकवादी हमले में मुंबई में एक दर्जन बम विस्फोट हुए, जिसमें 257 लोग मारे गए। सलेम बम धमाकों के साथ-साथ 1995 में मुंबई के एक बिल्डर जैन की हत्या के मामले में भी वांछित अभियुक्त बना रहा। कहा जाता है कि वह देश छोड़कर भाग गया था और अन्य अभियुक्तों के ख़िलाफ़ मुक़दमा शुरू होने और ख़त्म होने तक फरार रहा।

2002 में ही जाँचकर्ताओं को एक बड़ी सफलता मिली और सलेम को पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में हिरासत में लिया गया। कहा गया कि उसने अपना रूप बदलने के लिए प्लास्टिक सर्जरी करवाई थी, लेकिन पुलिस रिकॉर्ड में मौजूद उसके फिंगरप्रिंट के आधार पर उसकी पहचान हो पाई। एक साल बाद, पुर्तगाली सरकार ने 1993 के आतंकवादी हमले सहित भारत में हुए अपराधों में उसकी कथित भूमिका से संबंधित उपलब्ध कराए गए दस्तावेज़ों और सबूतों के आधार पर सलेम के प्रत्यर्पण के भारत के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। सलेम ने सरकार के आदेश के खिलाफ पुर्तगाल की अदालतों में अपील की और तत्कालीन उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने आश्वासन दिया कि उसे मृत्युदंड या 25 साल से ज़्यादा की जेल की सज़ा नहीं दी जाएगी। 11 नवंबर, 2005 को सलेम को भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया। उस पर बिल्डर की हत्या और 1993 के बम धमाकों के मामले में मुकदमा चलाया गया।

# 9 करोड़ का चैक बाउंस मामले में राजपाल यादव को मिलेगी जमानत..!



**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (न्यूज चैनल)। बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव अभी भी तिहाड़ जेल में हैं क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने चेक बाउंस मामलों में लगभग 9 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान के लिए उनकी याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले, 12 फरवरी को उनकी अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए, उच्च न्यायालय ने शिकायतकर्ता को जवाब दाखिल करने के लिए कहा और अगली सुनवाई आज, 16 फरवरी, 2026 को निर्धारित की। राजपाल यादव को ऋण देने वाली कंपनी मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि उन्होंने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। हालांकि, यह अभी तक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हुआ है। इसके बाद, अदालत जल्द ही राजपाल की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी।

**दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई**

जिन लोगों को इस मामले की जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि सोनू सूद, वरुण धवन, मीका सिंह और अन्य सहित हिंदी फिल्म उद्योग के कई सदस्यों ने राजपाल यादव को आर्थिक सहायता देने के लिए आगे कदम बढ़ाया है। दिल्ली उच्च न्यायालय आज, 16 फरवरी, 2026 को अभिनेता राजपाल यादव की 9 करोड़ रुपये के चेक बाउंस मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई करने वाला है। पिछली सुनवाई में, 12 फरवरी को, अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी और शिकायतकर्ता से जवाब मांगा था।

## बिरादरी की बातें



चूहा- सुनती हो, बांग्लादेश के शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को भेज रहे हैं।

चुहिया- हां जी, मोदी जाएंगे तो हसीना पे बात होगी..!

CMYK